संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) (क) और (ख) मौलाना मोहम्मद अली जौहर पर डाक टिकट जारी करने के संबंध में भूतपूर्व प्रधान मंत्री, श्री मोरार जी देसाई से अभी हाल में कोई पत्र प्राप्त हुआ प्रतीत नहीं होता। तथापि, इस विभूति पर 10 दिसम्बर, 1978 को पहले ही एक डाक टिकट जारी किया जा चुका है। अतः इस पर आगे कोई कार्यवाही करने का प्रस्ताव नहीं है?

Strike by Postal Employees in North East Circle

2313. SHRI KHYOMO LOTHA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what is the number of occasions in 1990-91 when the staff in the North East Circle of the Department of Post had gone on strike;

(b) what are their demands and the causes of these strikes; and

(c) what steps Government have taken in this regard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) (I) There was no strike in North East Circle in 1990-91. In 1991, the strikes took place on following dates:

(i) 9th April (ii) from 30th May to 9th June (iii) from 15th November, 1991 till date.

(II) There was no strike in Assam Circle in 1990. In 1991 the strike took place on the following dates:

(i) 9th April one day sitting strike.

(ii) 7 days strike from 3-6-1991 to 9-6-1991 (iii) Indefinite strike from 15-11-1991 till date.

(b) Non-payment of S.D.A. to Group 'C' and 'D' officials.

(c) The Department has filed review petition in the CAT, Guwahati Bench, Guwahati. The case in subjudice.

नई दूरसंचार नीति

2314. **श्री अजीत जोगी :**
श्री बेकल "उत्साही" :

क्या संचार मंत्री 22 नवम्बर, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं. 188 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि नई दूर संचार नीति तैयार करने के प्रश्न पर विचार करने के लिये नियुक्त छह पैनलों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों पर सरकार क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : दूरसंचार नीति अभी भी सरकार के विचाराधीन है।

बैंकों को टेलीफोन दिये जाने का उपबंध

2315. **श्री मोहम्मद अफजल ऊर्फ मोम अफजल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बैंकों को विशेष श्रेणी के अन्तर्गत टेलीफोन उपलब्ध कराया जाता है, और

(ख) यदि हां, तो सहकारी बैंकों को इस श्रेणी में शामिल न किये जाने के क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) जी, हां, । कोआपरेटिव बैंक सहित सभी बैंक विशेष श्रेणी के अन्तर्गत अपनी मांग दर्ज करवा सकते हैं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।